an>

Title: Need to accord sanction for establishment of Bundelkhand University in Damoh, Madhya Pradesh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) ः मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड में सागर विश्वविद्यालय एक ख्यातिलब्ध विश्वविद्यालय है जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय बन गया है। परिणामस्वरूप केन्द्रीय बनने के बाद जो नये महाविद्यालय खोले गये, उनको केन्द्रीय विश्वविद्यालय संबद्धता नहीं दे रहा है। परिणामस्वरूप शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के छात्रों का एक वर्ष शून्य होने वाला है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कारण गरीब मध्यवर्गीय एवं निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के छात्रों की उच्च शिक्षा पर प्रश्नचिन्ह लग गया है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय को तत्काल स्वीकृति प्रदान कर उसे दमोह में स्थापित करने की त्वरित कार्यवाही की जाए।